विपणन संघ

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.,
880, सिविल लाईन्स, मुख्यालय– रायपुर.

कमांक/स्था.वि./ 5501 /2016 रायपुर, दिनांक :14.12.2016

उपप्रबंधक के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विज्ञापन

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या., रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के मूल निवासी सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के इच्छुक उम्मीदवारों से उपप्रबंधक (द्वितीय श्रेणी) के पद पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अतः वांछित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी **दिनांक 16.12.2016 (शुक्रवार) से** ऑन लाईन आवेदन व्यापम के वेबसाईट **cgvyapam.choice.gov.in** पर कर सकते है। **ऑनलाईन बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न (MCQ) द्वारा लिखित परीक्षा दिनांक 29.01.2017 दिन रविवार को आयोजित की गई है।**

रिक्त पदों का विवरण –

उपप्रबंधक – पदों की संख्या – 15

क.	संवर्ग का नाम	पदों की संख्या	महिला वर्ग	भूतपूर्व सैनिक	मुक्त	कुल रिक्तियों में से निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद
1.	अनुसूचित जाति	02	01	–	01	01 (OA,OL,HH)
2.	अनुसूचित जनजाति	05	01	–	04	
3.	अन्य पिछड़ा वर्ग	02	01	–	01	
4.	अनारक्षित	06	02	01	02	
	कुल योग –	**15**	**05**	**01**	**08**	

उपप्रबंधक पद हेतु वेतनमान एवं शैक्षणिक अर्हता –

(1) वेतनमान –

उपप्रबंधक का नियमित वेतनमान रू 15600–39100+ ग्रेड वेतन 5400/– प्रतिमाह एवं विपणन संघ द्वारा समय–समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ता देय होगा।

(2) शैक्षणिक अर्हता –

उपप्रबंधक पद हेतु – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं एम.बी.ए की उपाधि।

केन्द्र/राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या शिक्षा संस्थान का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

विज्ञापन तिथि पर शैक्षणिक अर्हता पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।

यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रिट पिटिशन कमांक (C) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेगा। विस्तृत विज्ञापन, पाठ्य कम, परीक्षा कार्यकम, ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की विधि तथा अन्य विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाईट **cgvyapam.choice.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सचिव
छ.ग. राज्य सह. विप. संघ मर्या.,
रायपुर (छ.ग.)